# अब गोरखपुर से लखनऊ का सफर 3.30 घंटे में होगा पूरा, CM इस दिन करेंगे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन - CM YOGI

*91.35 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के निर्माण पर आई है 7283.28 करोड़ रुपये की लागत, चार जिलों को जोड़ेगा ये एक्सप्रेसवे*




**गोरखपुरः** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन 17 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होने जा रहा है. बहुत दिनों से इसके उद्घाटन की चल रही चर्चा पर विराम भी लग जाएगा. सीएम इस दिन एक्सप्रेसवे के दो किनारो पर दो सभाओं के माध्यम से इसकी उपयोगिता लोगों तक पहुंचाएंगे.

सीएम मीडिया सेल के माध्यम से जारी विज्ञप्ति के अनुसार लो लैंड के कारण जहां सामान्य सड़क बनाना कठिन था, वहां योगी सरकार ने एक्सप्रेसवे बना दिया है. यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ के बीच चार जिलों से गुजरेगा लेकिन, इसकी कनेक्टिविटी से राजधानी लखनऊ की राह और भी आसान हो जाएगी.




**चार जिलों को जोड़ेगा लिंक एक्सप्रेसवेः** सीएम मीडिया सेल के अनुसार, इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक तेज और सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो जाएगी. यह यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की फ्लैगशिप परियोजना है. 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल लागत 7283.28 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है. इससे गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं. साथ ही साथ संबंधित क्षेत्र के जनमानस को भी एक दूसरे के और निकट लाने में मदद करेगा.




**लखनऊ-गोरखपुर की यात्रा का समय घटाः** सीएम मीडिया सेल के अनुसार, गोरखपुर जिले में जितनी भी दूरी इस एक्सप्रेसवे के दायरे में आती है, वह लो लैंड वाला है. यहां सामान्य सड़क भी हर साल क्षतिग्रस्त हो जाती थी. ऐसे में एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी भराई करना चुनौतीपूर्ण कार्य था. लेकिन, सीएम योगी के निर्देश पर इस चुनौती को सफलतापूर्वक हासिल किया गया. गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लोगों को गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा. इसके अलावा इसकी कनेक्टिविटी से लोग दिल्ली से लेकर आगरा तक के शानदार सफर का आनंद ले सकेंगे. गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा. एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत, समय की बचत एवं पर्यावरणीय प्रदूषण का नियंत्रण भी संभव हो सकेगा. एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ योगी सरकार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बना रही है.